Important Questions Class 8 Hindi Chapter 7 अंतिम दौर-दो

प्रश्न 1.
प्रथम विश्वयुद्ध का भारत पर क्या प्रभाव पड़ा?

उत्तर:
प्रथम विश्वयुद्ध की समाप्ति पर देश में राहत और प्रगति के बजाय दमनकारी कानून और पंजाब में मार्शल लॉ लागू हुआ। जनता में अपमान की कड़वाहट और क्रोध फैल गया। शोषण का बाजार गर्म था।

प्रश्न 2.
गाँधी जी का आगमन कैसा था?

उत्तर:
गाँधी जी का आगमन एक ताजा हवा के झोंके की तरह था। उन्होंने हमें गहरी सांस लेने योग्य बनाया। गाँधी जी की शिक्षा का सार था निर्भयता और सत्य और इनसे जुड़ा कर्म। गाँधी जी ने भारत के करोड़ों लोगों को प्रभावित किया।

प्रश्न 3.
गाँधी जी के नेतृत्व पर प्रकाश डालिए।

उत्तर:
जब गाँधी जी ने पहली बार कांग्रेस संगठन में प्रवेश किया, तब तत्काल इसके संविधान में परिवर्तन ला दिया। उनका तरीका शांतिपूर्ण था। उनमें मुकाबला करने की भरपूर शक्ति थी। उनकी कांग्रेस का मुख्य आधार था-राष्ट्रीय एकता। इनमें अल्पसंख्यकों की समस्याओं को हल करना और दलित जातियों को ऊपर उठाने के साथ छुआछूत के अभिशाप को खत्म करना। गाँधी जी ने अंग्रेजी शासन की बुनियाद पर चोट किया। गाँधी जी निवृत्ति मार्ग के विरोधी थे। आर्थिक, सामाजिक और दूसरे मामलों में गाँधी जी के विचार सख्त थे।

प्रश्न 4.
गाँधी जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

उत्तर:
गाँधी जी मूलतः धर्म-परायण व्यक्ति थे। कर्म संबंधी अवधारणा का किसी सिद्धांत, परंपरा या कर्मकांड से संबंध नहीं था। वे सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों में विश्वास करते थे। उनकी कथनी और करनी में अंतर नहीं होता था। वे गरीबों और स्त्रियों के लिए कार्य करते थे।

प्रश्न 5.
गाँधी जी ने भारतीय संस्कृति के बारे में क्या कहा?

उत्तर:
गाँधी जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति न हिंदू है न इस्लाम, न पूरी तरह से कुछ और है। यह सबका मिला-जुला रूप है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 6.
लेखक ने किसे अद्‌भुत तेजस्वी व्यक्ति कहा है?

उत्तर:
लेखक ने गाँधी जी को अद्‌भुत तेजस्वी व्यक्ति कहा है जिसका पैमाना सबसे गरीब व्यक्ति है। उन्होंने भारत की जनता को सम्मोहित कर लिया और उन्हें चुंबक की तरह सम्मोहित किया।

प्रश्न 7.
मोहम्मद अली जिन्ना के क्या विचार थे?

उत्तर:
मोहम्मद अली जिन्ना की माँग का आधार एक नया सिद्धांत था-भारत में दो राष्ट्र हैं-हिंदू और मुसलमान। इनके दो राष्ट्रों के सिद्धांत से पाकिस्तान या भारत के विभाजन की अवधारणा का विकास हुआ, लेकिन इससे दो राष्ट्रों की समस्या का हल नहीं हुआ।

प्रश्न 8.
कांग्रेस किन प्रश्नों पर अडिग रही?

उत्तर:
कांग्रेस दो प्रश्नों पर अडिग रही-
(1) राष्ट्रीय एकता, (2) लोकतंत्र।

प्रश्न 9.
अगस्त, 1940 में कांग्रेस ने क्या घोषणा की?

उत्तर:
कांग्रेस ने कहा कि भारत में ब्रिटिश सरकार की नीति जनजीवन में संघर्ष और फूट को प्रत्यक्ष रूप से उकसाती और भड़काती है।

प्रश्न 10.
अंग्रेजों ने किसके मतभेदों को प्रोत्साहित किया?

उत्तर:
अंग्रेजों ने मुस्लिम लीग और हिंदू महासभा के मतभेदों को प्रोत्साहित किया।

https://www.evidyarthi.in/